






# मऊगंज में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई



**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 नवम्बर, धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप मनाई गई. जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को स्मरण करने तथा जनजातीय क्षेत्रों को सामाजिक और आर्थिक विकास को पुर्नजीवित करने के उद्देश्य से गौरव दिवस का आयोजन जिले भर में हर्षोल्लास के साथ किया गया.**

जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुआ. इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने कहा कि राष्ट्र की संस्कृति को बचाने का कार्य आदिवासी समाज द्वारा किया जा रहा है. यह समाज भारतीय संस्कृति का पालन करता है और प्रकृति से प्रदत्त वस्तुओं से अपने जीवन का निर्वाह करता है. उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने आजादी की लड़ाई में अपना अहम योगदान दिया और 25 वर्ष की अल्पायु में ही शहीद होकर अमर हो गए. उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए देश के लिए किए गए उनके बलिदान का स्मरण किया. श्री गौतम ने कहा कि आदिवासी समाज अपने बेटे-बेटियों को शिक्षित करने के लिए जागरूक हों. सरकार द्वारा समाज के उत्थान के लिए कई कार्य व योजनाएं संचालित की जा रही हैं. कार्यक्रम में गौरी निवासी संतोष पटेल ने एक एकड़ जमीन बिरसा मुण्डा ट्रस्ट बनाने के लिए दान की. इस अवसर पर जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा लोकनृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी. कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही. कलेक्टर संजय कुमार जैन, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर मौजूद रहे.

### आदिवासी ही देश के गौरव हैं : प्रदीप

इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा जनजातीय गौरव के साथ ही हमारे देश के गौरव हैं. उनका आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान है. 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए जो लड़ाई लड़ी वह चिरकाल तक स्मरणीय रहेगी. श्री पटेल ने कहा कि आदिवासी समाज का पहले किसी ने स्मरण नहीं किया. हमारी सरकार ने इस समाज को वह स्थान दिया जिसके यह वास्तव में हकदार हैं. उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समाज की उन्नति के लिए अनेक कार्यक्रम व योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ लेकर समाज के लोग मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं. श्री पटेल ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के नाम पर देश में विभिन्न संस्थानों की स्थापना की गई है.

# बिरसा मुण्डा की जयंती गौरव दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई

## देश के सम्मान के लिए आदिवासी समाज सबसे आगे रहा : शुक्ल, उप मुख्यमंत्री ने कोल सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात से वर्चुअली कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि जनजातीय लोग भारत की चेतना के अभिन्न हिस्से हैं. आजादी की लड़ाई में इस समाज के वीर नायकों ने महत्वपूर्ण हिस्सेदारी निभाई. इनके अपार त्याग को हमेशा-हमेशा स्मरण रखा जाएगा.**

रीवा जिले में कोल भवन परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश के सम्मान के लिए आदिवासी समाज हमेशा आगे रहा है. गुलामी की जंजीर में जकड़े हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुण्डा का अहम योगदान है. उन्हें धरती का भगवान कहा गया. वह हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं. आज देश उनकी 150वीं जयंती धूमधाम से मनाकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहा है. श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे महापुरूष प्रेरणास्त्रोत हैं. महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान से ही हम स्वतंत्रता प्राप्त कर खुले में सांस ले पा रहे हैं. आदिवासी समाज ने शौर्य और पराक्रम का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. जल, जमीन और जंगल के बिना भारत की कल्पना असंभव है. देश में यदि जंगल बचा है तो वह सिर्फ आदिवासी समाज के कारण ही बचा है. आदिवासी समाज के हमारे भाई गंगा नदी के समान पवित्र हैं. वह निश्छल हैं. उनमें वीरता के साथ धैर्यशीलता भी है. प्रधानमंत्री जी ने इस समुदाय के लोगों को जमीन का पट्टा देने तथा पक्के मकान बनाने का जो संकल्प लिया है उसे मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में पूरा किया जा रहा है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रीवा में कोल समाज के लिए कोल सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण हो रहा है जो इस समाज के लिए समर्पित है.

कार्यक्रम में आदिवासी लोकनृत्य एवं अन्य आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ हुईं. जिला स्तरीय कार्यक्रम में गौरव रथयात्रा का समापन हुआ. इस अवसर पर ग्राम उत्कर्ष योजना से निर्मित आवासों के गृह प्रवेश के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. कार्यक्रम में हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया. इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे.

### गुरूओं के आशीर्वाद से ही व्यक्ति आगे बढ़ता है

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि गुरूओं व बड़ों के आशीर्वाद से ही व्यक्ति आगे बढ़ता है. कोल सामुदायिक भवन की जो सौगात उप मुख्यमंत्री जी द्वारा मिली है उसे समाज के लोग हमेशा याद रखेंगे तथा उनके ऋणी रहेंगे. विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि आदिवासी संस्कृति ही भारतीय संस्कृति की मूल पहचान है. आदिवासी समाज जल, जंगल व जमीन के लिए ही जीता है.

### संस्कृति व इतिहास को सजोए कोल समाज

इस अवसर पर विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरूष को याद कर रहे हैं जिन्होंने बिना संसाधन के अपनी अस्मिता की पहचान को बनाए रखने का कार्य किया तथा भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी. उन्होंने कहा कि कोल समाज अपनी संस्कृति व इतिहास को बचाए हुए है. शासन के सहयोग से समाज के लोगों के विकास के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं. इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने 93.49 लाख रुपए से निर्मित कोल सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया. उन्होंने जनजातीय देवी-देवताओं का पूजन कर जनजातीय धर्मगुरूओं का सम्मान किया.

## संक्षिप्त



### बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाई गई

**रीवा,** देश की आजादी की लड़ाई में अपनी जान की कुर्बानी देने बाले देशभक्त बिरसा मुंडा जी की जयंती आज ग्राम नाऊनकला में मनाई गई. जिसमें पूर्व विधायक मऊगंज सुखेन्द्र सिंह बन्ना एवं आयोजक मुन्नालाल कोल संचालनकर्ता शिवलाल साकेत सहित शशी विश्वकर्मा, रामखेलावन पाल, भाई लाल मौर्या, सीताशरण विश्वकर्मा एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही सबने बिरसा मुंडा जी के कला कौशल एवं वीरता के बारे विस्तार से चर्चा की गई एवं विनम्र श्रद्धांजलि दी गई.

### डीएलसीसी की बैठक 19 को

**रीवा,** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक 19 नवम्बर को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने अपरान्ह 4 बजे से आयोजित बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है.

### निर्वाचन संबंधी वीडियो कान्फ्रेंसिंग आज

**रीवा,** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ नगर निगम आयुक्त भी उपस्थित रहेंगे.

### रीवा की बेटी बनी न्यायाधीश



**रीवा,** रीवा की बेटी ने न्यायाधीश बनकर अपने क्षेत्र सहित जिले भर का नाम रोशन किया है. ओशिन सिंह सोलंकी का चयन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय परीक्षा 2022, के 12/11/25 को आए रिजल्ट में 17 रैंक के साथ न्यायाधीश के पद पर हुआ है. उनके चयन ने निश्चित रूप से रीवा का गौरव बढ़ाया है. ओशिन सिंह सोलंकी रीवा जिले के जवा क्षेत्र अंतर्गत बरहटा गांव के वरिष्ठ अधिवक्ता दल बहादुर सिंह एवं पीटीएस रीवा में एडीपीओ के पद पर पदस्थ श्रीमती आदर्श सिंह सोलंकी की पुत्री है. इनके बड़े पिताजी राज बहादुर सिंह सोलंकी त्योथर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हैं. ओशिन सिंह की स्कूली शिक्षा बाल भारती स्कूल से हुई है. इन्होंने अपना स्नातक अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से किया है, वर्तमान में वह एलएलएम की छात्रा हैं. ओशिन सिंह ने अपने प्रथम प्रयास में ही मात्र 25 साल की उम्र में करिश्मा कर दिखाया है. उनके कानून की पढ़ाई एवं न्यायाधीश बनने हेतु प्रतियोगिता की समस्त तैयारी उनकी मां आदर्श सिंह सोलंकी ने स्वयं करवाई है. ओशिन सिंह के न्यायाधीश बनने पर पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन एवं समस्त पीटीएस परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है.

### श्रीरामचरित मानस सुंदर कांड का गायन

**मऊगंज,** जिला विकास संघर्ष परिषद् द्वारा धार्मिक आयोजन की श्रृंखला में शनिवार को लेदवा धाम सीतापुर में श्रीरामचरित मानस के सुंदर कांड के गायन पाठ का आयोजन किया जाकर भक्तों को भण्डारे के रूप में प्रसाद उपलब्ध कराया गया. जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने कहा कि मऊगंज जिले के समग्र विकास एवं लोगों के कल्याण, उत्थान व समृद्धि के लिये प्राचीन धार्मिक स्थलों में धार्मिक आयोजन के माध्यम से सामाजिक जागरूकता तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है. आयोजन के संयोजक यज्ञसेन विश्वकर्मा, मृगेन्द्र सिंह बघेल ने भी अपने विचार रखे. अपने मधुर वाणी से गायक अधिवक्ता जनार्दन पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र मझिगवां, कल्लू नापित, रावेन्द्र दुबे ने साथियों के साथ मनमोहक अंदाज में सुंदरकाण्ड का गायन किया.

# केंद्रीय जेल में मनाया गया राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, केंद्रीय जेल में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई.**

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बंदियों और स्टाफ को जनजातीय गौरव दिवस के महत्व से अवगत कराया. कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने उत्साहपूर्वक लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक और वाद्य यंत्रों के माध्यम से सैला और गेंड़ी नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं.जेल में परिरूद्ध पात्र दण्डित बंदियों को 5 दिवस विशेष परिहार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र परमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाहा तथा पूजा सिंह उपस्थित रही.

# भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर केन्द्रीय जेल से एक बंदी को किया गया रिहा



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को मनाई गई. शासन के निर्देशों के अनुसार बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती से हर वर्ष अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावास के बंदियों को जेल से रिहा करने की शुरूआत की गई है.**

भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर केन्द्रीय जेल रीवा से आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बंदी को समय से पूर्व रिहा किया गया है.

जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय जेल रीवा के अच्छे आचरण वाले बंदियों की रिहाई का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखा गया था. समिति द्वारा की गई अनुशंसा पर राज्य शासन से सजा में छूट प्राप्त कर जेल में परिरूद्ध आजीवन कारावास के दो बंदियों को रिहा किए जाने का आदेश प्राप्त हुआ. दो बंदियों में से एक दण्डित बंदी के जुर्माने की राशि जमा न हो पाने के कारण एक ही बंदी को जेल से रिहा किया गया है. जेल से रिहा होने वाला बंदी मिथिलेश सिंह पाव पिता भद्दू सिंह पाव आयु 38 वर्ष निवासी थाना भालूमाड़ा, जिला अनूपपुर है. बंदी की रिहाई के संबंध में उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है.

# गोविंदगढ़ में प्रशिक्षु आरक्षकों का जंगल कैंप शुरू

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में 93वां नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025-26 के प्रशिक्षणार्थियों की बाह्य प्रशिक्षण में गोविंदगढ़ के जंगल में 460 प्रशिक्षु नवआरक्षकों का जंगल कैंप शुरू है.**



उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता एवं सीडीआई महेंद्र प्रताप सिंह, निरीक्षक विनोद सिंह, सुधीन्द्र मरावी की सहभागिता में कैम्प संचालित है. जिसमें जंगल कैंप के इन प्रशिक्षु नव आरक्षकों को आसपास के लैंड सर्किल की जानकारी, चीजें नजर आने के सिद्धांत, फासले का अनुमान लगाना, कैमोफलाइज एवं फील्ड सिग्नल, फायर कंट्रोल ऑर्डर डेमो आदि की सिखलाई दी जा रही है. इसके साथ ही नवआरक्षकों को वेपन ट्रेनिंग व नाइट फायरिंग तथा फील्ड क्राफ्ट एवं टैक्टिस विषय की प्रायोगिक परीक्षा भी संपन्न की जा रही हैं. शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा पीटीएस स्टाफ के जंगल कैंप में संचालित सभी कार्यवाहियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षुओं को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना डटकर सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

# लायंस क्लब ने गरीब बस्ती में वितरित किये कंबल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, रीवा आज लायंस क्लब रीवा ग्रेट लायंस क्लब रीवा सिटी एवं वी क्लब रीवा ग्रेट के संयुक्त तत्वाधान में रीवा से 25 किलोमीटर दूर चौंडियार ( गुढ ) ग्राम में जाकर गरीबों असहाय और जरूरतमंदों को 150 कंबल वितरित किए गए.**

सबसे पहले क्लब के सभी सदस्यों ने भैरवनाथ मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन किए तत्पश्चात गांव में आकर सभी जरूरतमंदों को शीत लहर की आशंका को देखते हुए कंबल प्रदान किये. इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सज्जी जॉन, रीजन चेयर पर्सन लायन वीरेंद्र वर्मा, अध्यक्ष लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री, वीरेंद्र आर्य, ए के खान, रश्मि पुरवार, प्रांतीय उपाध्यक्ष वी ज्योति प्रधान, पूनम दुबे, अजय जायसवाल, अशोक प्रधान, अर्चना श्रीवास्तव, अनूप अवस्थी आदि मौजूद रहे.

# एनडीए की जीत विकास, सुशासन और जनता के विश्वास का परिणाम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत के बाद बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'मोदी और नीतीश का देश में डंका बज रहा है.**



यह जनादेश विकास की राजनीति के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है. अब बिहार विकास की मुख्य धारा से जुड़कर एक अग्रणी प्रदेश के रूप में उभरेगा. श्री तिवारी ने कहा कि एनडीए सरकार राज्य में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है. उनके अनुसार, यह परिणाम राज्य में स्थिर और विकासोन्मुख नेतृत्व की स्वीकृति को दर्शाता है. उन्होंने यह भी कहा कि जनता ने महागठबंधन को खारिज करते हुए एनडीए को बहुमत देकर बिहार के विकास की नई दिशा तय करने का जनादेश दिया है.

# लंबित प्रकरणों में कार्यवाही करके तथ्य सहित प्रतिवेदन दर्ज करें

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**



निगम आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर नागरिकों के शिकायतो का त्वरित समाधान एवं विभाग की रैंकिंग में सुधार करें. प्रकरणों के निराकरण के लिए स्थल निरीक्षण करें साथ ही आवेदक से फोन के माध्यम से संपर्क करें. लंबित प्रकरणों में कार्यवाही करके तथ्य सहित प्रतिवेदन दर्ज करें. कोई भी प्रकरण बिना कार्यवाही के एल-1 श्रेणी एवं एल-2 से एल 3 एस्केलेट हुआ तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी साथ ही शिकायतवार जुर्माना भी लगाया जाएगा. इसके साथ ही उन्होंने समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के शिकायत तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. इस दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एच.के. त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, शीतल भलावी एवं सहायक यंत्री एस.के. गर्ग मौजूद रहे.

# उप मुख्यमंत्री ने सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कन्या महाविद्यालय रीवा परिसर में गोकुलदास एक्सपोर्ट द्वारा दिए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया.**

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि आप सब प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं. लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं. जरूरत इस बात की है कि उन्हें अवसर उपलब्ध कराया जाए. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में निर्धन वर्ग की लड़कियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर लड़कियाँ अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी में रोजगार पा सकें. श्री शुक्ल को बताया गया कि अभी तक केन्द्र से 30 प्रशिक्षण प्राप्त कर बालिकाओं को बैंगलोर में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रीवा से बैंगलोर जाना आसान हो जाएगा. आगामी 22 दिसम्बर से रीवा से इंदौर के लिए वायु सेवा प्रारंभ हो जाएगी और इंदौर से लोगों को सीधे बैंगलोर की कनेक्टिंग फ्लाइट मिल सकेगी. श्री शुक्ल ने कहा कि इस केन्द्र के माध्यम से अधिक से अधिक लड़कियाँ प्रशिक्षण प्राप्त कर लेंगी तो गोकुलदास कंपनी की इकाई रीवा में स्थापित करने के प्रयास होंगे. प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणार्थियों को आवास व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी के कपड़े पूरे विश्व में निर्यात किए जाते हैं, जहाँ रीवा से प्रशिक्षण प्राप्त कर 30 लड़कियों को रोजगार के अवसर मिले हैं. निरीक्षण के समय जनभागीदारी समिति के विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, राजेश पाण्डेय, केके गर्ग मौजूद रहे.

### उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की सुनीं समस्याएं

**रीवा, 15 नवम्बर,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अमहिया स्थित अपने निज निवास में आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. इसके अलावा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कोठी कंपाउण्ड स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर के पुर्नरूद्धार कार्य का निरीक्षण किया.